कार्यालय : जिला कार्यक्रम अधिकारी, मेरठ।

पत्र संख्या /जि0का0अधि0/बा0वि0परि0/विज्ञप्ति/2023–24 दिनांक 14 मार्च, 2024

विज्ञप्ति

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि शासनादेश संख्या–19/2023/3975/ 58–1–2022–2/1(22)10 टी. सी. दिनांक 21 मार्च, 2023 में वर्णित व्यवस्थानुसार जनपद मेरठ के शहरी/ग्रामीण परिक्षेत्रों में संचालित बाल विकास परियोजना में आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों के मानदेय पर आधारित रिक्त पदों पर नियुक्ति हेतु सीधी भर्ती प्रक्रिया के तहत विभागीय वेब साइट **http://upanganwadibharti.in** पर ऑनलाइन आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं। रिक्त पदों का वार्डवार/परियोजनावार विवरण निम्नवत है:–

क्र0 सं0	परियोजना का नाम	शहरी/ग्रामीण	आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों के रिक्त पदों की संख्या
1	2	3	4
1	शहर	शहरी	62
2	ग्रामीण मेरठ	ग्रामीण	05
3	रजपुरा	ग्रामीण	14
4	जानी	ग्रामीण	13
5	रोहटा	ग्रामीण	16
6	खरखौदा	ग्रामीण	18
7	मवाना	ग्रामीण	15
8	हस्तिनापुर	ग्रामीण	42
9	परीक्षितगढ़	ग्रामीण	20
10	माछरा	ग्रामीण	15
11	सरधना	ग्रामीण	11
12	दौराला	ग्रामीण	38
13	सरूरपुर	ग्रामीण	17
		योग	286

उपरोक्त पदों का ग्रामसभा/वार्डवार विवरण एवं आरक्षण सहित अर्हता का पूर्ण विवरण जनपद के कलेक्ट्रेट, विकास भवन, तहसील एवं विकास खण्ड इत्यादि कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर चस्पा की गई है, साथ ही विभागीय वेबसाईट **http://upanganwadibharti.in** पर अपलोड है।

विज्ञप्ति पदों की अर्हता एवं आवेदन पत्र भरने हेतु विशष निर्देशः–

1– विज्ञप्ति पदों हेतु केवल महिला अभ्यर्थी ही पात्र होगे।

2– रिक्त पदों (आंगनबाड़ी कार्यकत्री) हेतु न्यूनतम शैक्षिक योग्यता इण्टरमीडिएट एवं उसके समकक्ष होगी।

3– आवेदिका को रिक्त पद के वार्ड/ग्राम सभा को स्थाई निवासी एवं ग्राम सभा में उक्त श्रेणी में पात्र अभ्यर्थी उपलब्ध न होने की स्थिति में संबंधित न्याय पंचायत की स्थाई निवासी होना अनिवार्य होगा।

4– आवेदिका की आयु निर्धारित कट ऑफ तिथि को न्यूनतम 18 वर्ष एवं 35 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए।

5– विज्ञप्ति पदों हेतु केवल विभ्ज्ञागीय वेबसाइट **http://upanganwadibharti.in** पर ऑनलाईन आवेदन पर फार्म निर्धारित समयावधि के अन्दर ही स्वीकार्य होंगे। ऑफलाईन आवेदन पत्र किसी भी दशा में मान्य/स्वीकार नहीं किये जायेंगे।

6– विज्ञप्ति पदों हेतु ऑनलाईन आवेदन करने की अन्तिम तिथि 04–04–2024 मध्य रात्रि 12:00 बजे तक होगी।

7– उपरोक्त विज्ञप्ति पदों की अर्हता एवं आवेदन करने की प्रक्रिया सहित विस्तृत प्रपत्र एवं सूचना विभागीय वेबसाइट **http://upanganwadibharti.in** पर उपलब्ध है साथ ही अधिक जानकारी हेतु विकास खण्ड के बाल विकास परियोजना कार्यालय अथवा विकास भवन में जिला कार्यक्रम अधिकारी (बाल विकास विभाग) कार्यालय से कार्यालय दिवस में निर्धारित समयानुसार जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

(विनीत कुमार सिंह)
जिला कार्यक्रम अधिकारी,
मेरठ।

पृष्ठांकन पत्र संख्या C–2101 तद्दिनांक

प्रतिलिपि :– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1– निदेशक, बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार, उ0प्र0, लखनऊ।

2– जिलाधिकारी, मेरठ।

3– मुख्य विकास अधिकारी, मेरठ।

4– समस्त उपजिलाधिकारी जनपद–मेरठ।

5– समस्त खण्ड विकास अधिकारी, जनपद मेरठ को सूचना पट्ट पर चस्पा कराने हेतु।

6– जिला सूचना अधिकारी, मेरठ को इस आशय से प्रेषित कि उक्त का प्रचार–प्रसार हेतु जनपद के सर्वाधिक प्रसारित दैनिक समाचार पत्र में अधिकृत वेब समाचार पोर्टल के माध्यम से विज्ञपित प्रकाशित कराने का कष्ट करें।

7– सदस्य चयन समिति, मेरठ।

8– समस्त बाल विकास परियोजना अधिकारी/प्रभारी जनपद मेरठ।

9– ब्यूरो चीफ जागरण, हिन्दुस्तान एवं अमर उजाला, मेरठ को इस अनुरोध के साथ कि अपने दैनिक समाचार पत्रों में विज्ञप्ति प्रकाशित कराने का कष्ट करें।

14/03/2024

जिला कार्यक्रम अधिकारी,
मेरठ।

Scanned with AnyScanner